तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

13 सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर ...




14 दरबेकेरा में कबड्डी स्पर्धा, विधायक ने खेलों के ...



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई

**झलप।** पटेवा पुलिस ने ग्राम पचरी निवासी छत्रपाल को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा है। पुलिस ने उसके घर के शौचालय से 15.3 लीटर अवैध शराब जब्त की। एक अन्य कार्यवाही में ग्राम मानपुर निवासी नंद किशोर बघेल और एक नाबालिक लड़के को 8 लीटर शराब तथा दोपहिया वाहन की जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34/2 की कार्रवाई की गई।

### बस स्टैंड में मारपीट

**महासमुंद।** बस स्टैंड में मारपीट की घटना को लेकर सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सौरभ शर्मा निवासी भलेसर रोड ने बताया कि 13 सितंबर की रात्रि 9 बजे वह अपने भाई करण शर्मा की दुकान बस स्टैण्ड के पास था, उसी समय सौरभ यादव, योगी चंद्रकर, चंदन चंद्राकर तीनो आये और उसके भाई करण शर्मा से किसी बात को लेकर विवाद करने लगे, तब उसने समझाया। इसके बाद वे तीनों बस स्टैंड पानी टंकी के पास सौरभ पान ठेला चले गए, इसके बाद प्रार्थी अपने भाई करण शर्मा के साथ सौरभ पान ठेला के पास पहुंचा, तब तीनों आरोपियों ने हम लोगों को देख कर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### दुकान से एसी का पाइप चोरी

**महासमुंद।** नगर के गुलशल चौक आंबेडकर स्कूल के पास स्थित बोरवेल्स दुकान में लगा एसी का पाइप किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस को प्रार्थी कुणाल रंगारी पिता स्व यशवंत रंगारी ने बताया कि गुलशन चौक अंबेडकर स्कूल के पास स्थित उसके बोरवेल्स दुकान से किसी अज्ञात चोर ने एसी का आउटर एवं पाइप कीमत 10000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। कोतवाली में अज्ञात चोर के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# परिवार के मामले में हस्तक्षेप से परेशान मां-पुत्र ने मिलकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नहर में मिली निर्वस्त्र लाश और हत्याकांड के आरोपी मां-बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि आरोपी महिला पूर्व में भी हत्या के मामले में जेल काट चुकी है। वहीं मृतक की पहचान पुलिस ने ग्राम पचेड़ा निवासी पिलेश्वर पिता गजानंद साहू के तौर पर की। गुरुवार को लाश मिलने के बाद हुई शिनाख्त के साथ ही तहकीकात की शुरुआत हुई।

पूरे मामले का खुलासा सोमवार को पुलिस ने प्रेस वार्ता में करते हुए बताया कि ग्राम बेमचा-परसवानी रोड स्थित नहर पुलिया के पास बीते गुरुवार को मिले अज्ञात शव एवं हत्या की जांच के लिए सायबर सेल ने स्थल पहुंच निरीक्षण कर अज्ञात शव एवं आरोपी के बारे में अलग-अलग 3 टीमें गठित कर जानकारी जुटानी शुरु की। उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया विवेचना के दौरान अज्ञात शव की पहचान हेतु घटना के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर जानकारी एकत्र की जा रही थी, तब मृतक के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि वह रायपुर में प्राईवेट सुरक्षा गार्ड का काम कर रहा था जो कि 8 सितंबर से ड्यूटी पर नहीं आ रहा है। परिजनों द्वारा शिनाख्त किए जाने पश्चात पुलिस को पता चला कि मृतक का घटनास्थल के पास रहने वाली देवकी बघेल के घर आना-जाना था।

## बेमचा में हुए हत्याकांड का हुआ खुलासा, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### हथियार बरामद

पुलिस की टीम के द्वारा आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 1 नग चाकू, रस्सी, पेचकस एवं आरोपियों के द्वारा घटना के दौरान पहना हुआ कपड़ा, जिसमें मृतक का खून लगा हुआ था, को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 103 (1), 238 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### 5 साल से साथ में थे

परिजनों से पूछताछ में पता चला कि मृतक विगत 5 सालों से देवकी बघेल के साथ रह रहा था और उसने अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया था। प्राप्त संकलित जानकारी के आधार पर संदेही देवकी बघेल से पूछताछ की गई, जिस पर महिला ने अपने पुत्र सुरेश बघेल के साथ मिलाकर पिलेश्वर साहू की हत्या करना स्वीकार किया।

### परिवारिक मामले में दखल के चलते हुई हत्या

पुलिस की पूछताछ में आरोपी देवकी बघेल ने बताया कि मृतक पिलेश्वर साहू आए दिन घर आकर परिवारिक मामले में हस्तक्षेप करने लगा था। मृतक के आचरण के कारण उसका बेटा सुरेश बघेल परेशान हो गया। मृतक 9 सितंबर की रात घर में आकर विवाद करने लगा तभी बेटे सुरेश के साथ मिलकर मृतक को रस्सी से खाट में बांध कर घर में रखा सब्जी काटने वाले चाकू से मृतक पिलेश्वर साहू का गला रेत दिया एवं आवाज न करें, इसलिए मुंह में कपड़ा डाल दिया। इसके बाद घर में रखे पेचकस से आंख में वार कर मृतक के गुप्तांग को काट दिया तथा पहचान छिपाने के लिए मृतक के चेहरे में मुरूम के ढेला को पटक कर चेहरे को विकृत कर दिया, जिसके चलते थोड़ी देर बाद पिलेश्वर साहू की मौत हो गई।

## समस्या: असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, महिलाओं की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

# शाम के बाद ओपन बार में तब्दील हो जाता है शहर का बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

यात्रियों के लिए रात बिताने का सुरक्षित स्थान कहा जाने वाला बस स्टैंड अब सुरक्षित नही रहा। शाम होने के बाद से यहां होने वाली शराबखोरी के कारण यात्रियों का यहां रात गुजारना संभव नही वहीं ओपन बार जैसी स्थिति के चलते देर शाम महिलाओं तक का यहां से गुजरना दूभर हो गया है। यहां लगने वाले अंडे ठेलों में पीने पिलाने की सुविधा मिल रही है और पास ही बना पार्किंग स्थल शराबियों के लिए अच्छा अहाता साबित हो रहा है।

शराब पीने के पश्चात यहां असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों के बीच आपस में होने वाली गाली गलौच और मारपीट जैसे हालात के स्थानीय नागरिक, यात्री और व्यापारी भी गवाह है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि दिन के उजाले में भी शराबखोरी से नही चूक रहे। लोगों की मानें तो पुलिस की वाहन आने के बाद इन अंडा ठेलों से कुछ खा पीकर लौट जाते हैं। जिससे यहां पहुंचने वाले ग्राहकों के भी हौसले बुलंद हैं।

गुरुघासीदास बस स्टैंड को बने 21 साल बीत चुके हैं, अब ये शराबियों का अड्डा बन चुका है। इसके साथ ही यहां पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जैसे-जैसे अंधेरा होता है, यहां शराबियों की महफिल जमने लगती है। यहां से रोजाना लगभग, रायपुर, राजिम, बागबाहरा रोड के 200 के करीब बसें चलती है।

इन बसों में रोजाना हजारों की तादाद में महिला, पुरुष और बच्चे सफर करते हैं। सुबह होने से आधी रात तक शराबियों और गांजा, सिलोशन के नशे में धुत लोग नजर आते हैं। वहीं नशे का सामान भी आसपास के अवैध विक्रेताओं से आसानी से मिल जाता है। ऐसा नहीं है कि इसकी खबर पुलिस प्रशासन को नहीं है।



### महिलाओं के सुरक्षा का नहीं कोई इंतजाम

सरकार भले ही महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित करने के दावे कर रही हों, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत इसके उलट है। नगर स्थित बस स्टैंड पर महिलाओं की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। पुलिस तैनात होना तो दूर की बात है सीसीटीवी कैमरे व प्रकाश व्यवस्था की भी स्थिति बदहाल है। इस बस स्टैंड में महिलाओं के लिए रात में रुकना एवं बस का इंतजार करना सुरक्षित नहीं है।

### बस स्टैंड बन जाता है असामाजिक तत्वों का अड्डा

स्थानीय एवं यात्रियों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च कर बने इस बस स्टैंड का सही उपयोग नहीं किया गया, जिससे अब यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। शाम होते ही यहां पर सामाजिक तत्व अपना जमावड़ा लगा देते हैं। यहां पर साफ अंदाजा लगा सकते हैं की किस तरीके से लोग बिना डर और भय के शराब खोरी करते है।

### यात्रियों को पानी खरीद कर बुझानी पड़ती है प्यास

इस बस स्टैंड में पीने के लिए शुद्ध पानी तक लोगों को नसीब नहीं हो रहा है यात्रियों को मजबूरन पैसे का पानी बोतल लेकर प्यास बुझा रहे हैं। लोगों ने तो यह भी कहना चालू कर दिया है कि दुर्भाग्य है इस नगर का जो यात्रियों को शुद्ध पानी तक नहीं पिला पा रहा है।

# भालू को कोल्ड ड्रिंक पिलाने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चंडी माता मंदिर के भालू से छेड़छाड़

- कोल्डड्रिंक पिलाने का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया वनविभाग

कर कोल्ड ड्रिंक पिलाने का वीडियो वायरल होने के मामले में ग्राम मुढ़ी, जिला-बिलासपुर निवासी करण धुरी को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की धारा 9, 52, 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत चंडीमाता मंदिर के समीप भालू के साथ छेड़छाड़ करते हुए कोल्ड ड्रिंक पिलाने का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में एक युवक भालू को कोल्ड ड्रिंक पिलाते दिख रहा है। 12 सितंबर को मामला दर्ज कर युवक की पतासाजी शुरू हुई। अनुविभागीय अधिकारी वन महासमुंद गोविंद सिंह ने बताया कि सूत्रों से जानकारी मिली कि वन्यप्राणी के साथ छेड़छाड़ करने वाला युवक बिलासपुर जिले के तखतपुर का रहने वाला है। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा लोकनाथ ध्रुव टीम के साथ पहुंचे और बिलासपुर वनमंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र की टीम से भी सहयोग लेते हुए करण धुरी (19) को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि युवक ने 4 सितंबर को वीडियो बनाया और उसे वायरल किया था। गोविंद सिंह ने बताया कि किसी भी वन्य प्राणी को कोई भी वस्तु खिलाना या पिलाना अपराध की श्रेणी में आता है। गिरफ्तार युवक ने भालू को कोल्ड ड्रिंक पिलाना स्वीकार करते हुए कहा कि कुछ लोग भालू को कोल्ड ड्रिंक पिलाने की कोशिश कर रहे थे। वहां से गुजरते हुए उसने भी भालू को कोल्ड ड्रिंक पिलाई, उसे नहीं मालूम था कि यह अपराध है।

### मां चंडी मंदिर पहुंचने वाला भालू का शव मिला

माँ चंडी मंदिर घुंचापाली पहुंचने वाला भालू परिवार के सबसे उम्रदराज भालू की मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग को रविवार को पहाड़ी में एक भालू के शव होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को संजय कानन वन डिपो लाया। भालू के शव का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सक डॉ. ए.आए. धृतलहरे, डॉ. लिलेश्वर चौधरी एवं डॉ. आयूष यादव ने किया। चिकित्सकों को लगभग 12 वर्षीय भालू की मौत दो तीन दिन पहले होने का अनुमान है क्योंकि, उसका शव सड़न का शिकार हो गया था। उसके शरीर के आतंरिक अंग सड़ गए थे। उन्होंने बताया कि उसके शरीर में किसी प्रकार के प्राणघातक चिन्ह नहीं मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया उसकी मौत सामान्य होने का अनुमान है फिर भी उसके बिसरे की लैब परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद पूरा खुलासा हो जाएगा।

### अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल रहेंगे कर्मचारी

**महासमुंद।** आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारी आज हड़ताल में शामिल होने अवकाश पर रहेंगे। अपनी लंबित मांगों के लेकर आज राजधानी में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने कर्मचारियों ने सहायक आयुक्त से सामूहिक अवकाश की मांग की है। जिसमें उन्होनें कहा है कि समस्त कर्मचारी अवकाश में रहते हुऐ संचालनालय के घेराव में शामिल रहेगें। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष कनक चक्रधारी ने दी।

### बम्हनी में मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में मारपीट की घटना के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया कंचन जांगड़े वार्ड नंबर 12 ग्राम बम्हनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि घर में सरकारी नल लगा है, जिसका पानी घर के सामने गली से निकलता है। 13 सितंबर की शाम करीब 7 से 7.30 बजे पड़ोस के इंद्रा रात्रे ने अपने परिवार के साथ उसके घर आकर कहा कि तुम अपने घर का पानी गली में निकालते हो, आज के बाद तुम्हारे घर के पानी गली में नहीं निकलना चाहिये। इस पर प्रार्थिया ने उन लोगों से कहा कि घर के बड़े लोगों को बोलना। इसके बाद प्रार्थिया के परिवार वालों ने गांव के सरपंचपति घनश्याम, अध्यक्ष गणेशु महिलांग को बुलाया थे। तभी इंद्रा रात्रे अपने परिवार के भानुप्रताप रात्रे एवं विनय ढीढी के साथ आई। जिन्हें गांव के लोग समझा रहे थे, तभी इंद्रा रात्रे और भानुप्रताप रात्रे ने प्रार्थिया से मारपीट की। बीच बचाव करने जब उसका देवर कोमल जांगडे आया तो उसे विनय ढीढी ने दांत से दाहिना कमर के ऊपर को भाग को काट लिया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# एशिया कप 2025 में भारतीय बास्केटबॉल टीम पहुंची सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फीबा अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल है। इसके अलावा भारतीय टीम में तमिलनाडु, कर्नाटका, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना के खिलाड़ी शामिल हैं। एशिया कप में इंडिया टीम ने शानदार खेल खेलते हुए पहले मैच में ईरान को 70 - 67 अंकों से हराया। दूसरे मैच में इंडिया ने उज़्बेकिस्तान को 81- 69 अंकों से हराया, तीसरे मैच में इंडिया ने समोआ को 71 - 54 के बड़े अंतर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एशिया कप में लगातार 3 मैच जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है और सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम 18 सितंबर को सेमीफाइनल मैच खेलेगी। प्रदेश व जिले में खुशी की लहर है। सेमीफाइनल में प्रवेश करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के राजीव जैन अध्यक्ष, चेयरमैन विजय अग्रवाल, नरेश डाकलिया, राजीव चौबे, राजेश गौर, भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक अनिथा पॉलदुरई, सहायक प्रशिक्षक रोहित एवं उमाकांत, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिंहा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद के अध्यक्ष नुरेन चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, संतोष कुमार सोनी, किरण महाडीक, हुलसी चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, पिता विनोद रंगारी, माता सपना रंगारी, सुभाष मंडल, श्रेया घोष, राइमा दास एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।




## शारदीय नवरात्र की तैयारी तेज, 22 सितंबर से नवरात्र पर्व

# दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शारदीय नवरात्र में दुर्गा के विभिन्न रूपों की आराधना करने के लिए दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। पंडालों में दुर्गा मूर्ति स्थापित करने के लिए लोग मूर्ति तलाशना शुरू कर दिए हैं। मूर्तियों को कारीगर भी अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। जिलामुख्याल से लगे ग्राम बरोंडा के मूर्तिकार कृष्णा चक्रधारी ने बताया कि वह कई वर्षो से मूर्ति बना रहे हैं। अपने कुछ साथियों के साथ हर वर्ष मूर्ति बनाने और बेचने का काम करते हैं। इस वर्ष भी मूर्ति बना रहे हैं। कई ऑर्डर मिले हैं। लक्ष्मी, गणेश और दुर्गा जी की मूर्ति बनाई जा रही है। तीन हजार से 20 हजार रुपये तक की मूर्तियां बनाई गई हैं। बता दे कि धार्मिक आस्था और श्रद्धा का बड़ा पर्व नवरात्र इस बार 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। नवरात्र के आगमन से पहले ही जिलें में दुर्गा माता की भव्य मूर्तियां बनाने का काम तेजी से चल रहा है। कारीगर दिन-रात जुटकर मां दुर्गा की विविध स्वरूपों वाली प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। बता दें कि नगर स्थित कुम्हार पारा और आसपास के गांव के कारीगरों की बस्तियों में इन दिनों खास रौनक देखने को मिल रही है। कहीं मिट्टी और प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां बनाई जा रही हैं, तो कहीं बड़े आकार की मूर्तियां तैयार हो रही हैं। कारीगरों के अनुसार इस बार मूर्तियों में पारंपरिक कला के साथ आधुनिक रंग-रूप का मेल देखने को मिलेगा। मूर्तियों को सजाने के लिए विशेष रंग, गहने और आकर्षक पोशाकों का उपयोग किया जा रहा है।

### रंग और अन्य कच्ची सामग्रियों की कीमतें बढ़ी

मूर्तिकार कृष्णा चक्रधारी ने बताया कि मूर्तियों को तैयार करने में उपयोग आने वाली कच्ची सामग्रियों की कीमतें बढ़ी हैं। प्रमुख रूप से रंग, अभ्रक, रंगीन कपड़ों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इसके के कारण मूर्तियों की कीमतों में भी इजाफा करना पड़ा है। हर साल इनकी कीमतें बढ़ती जा रही हैं।

### गरबा की रहेगी धूम

गरबा कार्यक्रम की भी शहर में धूम रहेगी। इस वर्ष भी आदर्श बालक स्कूल परिसर में गरबा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा लोहिया चौक पास सिटी स्पोर्ट्स क्लब में भी गरबा की धूम रहती है। प्रतिवर्ष गरबा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग आते है। माता की भक्ति में नृत्य करते हैं।

# अजा वर्ग के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कार्य हुए : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सरकार में अजा वर्ग के लोगों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कार्य हुए हैं। गिरौदपुरी सहित अनुसूचित जाति बाहुल क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। गिरौदपुरी में दंडवत पहुँचने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग से सुगम आवागमन के लिए 3 करोड़ रूपए की लागत से अलग से मार्ग बनाए जाएंगे। उक्त बातें रविवार को पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े ने भाजपा कार्यालय में कहीं श्री जांगडे ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं बनाई जा रही है। अजा वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सहायता प्रदान करने 50 लाख रुपये का फंड रखा गया है। उन्होंने कहा कि वे अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। महासमुंद 7 वां जिला है, इसके तहत प्रदेश सरकार द्वारा अजा वर्ग के हितों में किए जा रहे कार्यों को जनता तक पहुँचाने की योजना है।

पत्रकारवार्ता के दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियरंजन कोसरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, भाजपा नेता राहुल चंद्राकर,आनंद साहू आदि उपस्थित रहे।

### भैंसों को कत्लखाना ले जा रहे आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले की पिथौरा पुलिस ने भैंसों को कत्लखाना ले जा रहे आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को रोहन निर्मलकर पिता टिकेश्वर निर्मलकर (19 वर्ष) निवासी ग्राम गड़बेड़ा ने बताया कि 14 सितंबर को उसे सूचना मिली था कि ग्राम घोंच की ओर से दो व्यक्ति 4 नग भैंसों को डंडा से मारते-पीटते हुए ग्राम सोनासिल्ली की ओर ले जा रहे है। सूचना पर अपने दोस्त गौ सेवक सदस्य प्रेमसागर यादव के साथ ग्राम सोनासिल्ली के आगे नाला के पास पहुंचा और देखा कि दो व्यक्ति 04 भैंसों को मारते-पीटते हुए ला रहे थे, जिन्हें रोककर पूछने पर एक व्यक्ति ने अपना नाम दिलीप मिरी पिता अंजोरसिंह मिरी (30 साल) निवासी सोनासिल्ली का होना बताया, वहीं दूसरा व्यक्ति डुमेश्वर अजगले निवासी मुडागांव थाना तेंदूकोना वहां से भाग निकला। भैंसों के संबंधी में दिलीप मिरी से पूछने पर उसने बताया कि आज डुमेश्वर अजगले इसके घर आकर ग्राम खुसरूपाली जंगल में ले गया, जहां पर 04 नग भैसा बंधा हुआ था, उक्त भैंसों को सोनासिल्ली में रखने और रात्रि होने के बाद ओडिशा के कत्लखाना में लेकर जाना बताया था। इस मामले की रिपोर्ट पर पिथौरा पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 के तहत जुर्म दर्च कर विवेचना में लिया गया

**खबर संक्षेप**

### खम्हरिया में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 20 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम खम्हरिया (डोमा) में 20 सितंबर को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय पुरस्कार 701 रुपया, तृतीय पुरस्कार 4000, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रुपया रखा गया है। तेजस ध्रुव द्वारा शील्ड और मेडल दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती कविता योगेश बाबर जिला पंचायत सदस्य धमतरी, बृजेश जगताप जनपद सदस्य धमतरी, सोमेश्वर साहू, अंगेश्वर नेताम, रूपेंद्र निषाद, रवि ध्रुव, चोवा निर्मलकर, गेंदलाल नेताम एवं समस्त पंच की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक धमतरी द्वारा होगा।

# शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने को लेकर किया गया धरना-प्रदर्शन

## एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ द्वारा ठोस आश्वासन दिए जाने के बाद धरना किया गया समाप्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)**

पुराना टैक्सी स्टैंड के समीप एनएच पीडब्ल्यूयडी विभाग का पुराना कार्यालय भवन को रायगढ़ में पदस्थ उप अभियंता भुजरंग साय पैकरा द्वारा अनाधिकृत रूप से शासकीय गोदाम को तोड़कर नया भवन बनाया जा रहा है। एक शासकीय सेवक द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने, तहसीलदार के स्थगन आदेश की अवहेलना कर निर्माण कार्य जारी रखने, शासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं करने पर शिकायतकर्ता सौरभ गोयल, जफर उल्ला खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं अवैध कब्जा हटाने को लेकर सोमवार 15 सितंबर को अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर बैठे थे। मौके पर एसडीएम अनुपमा आनंद, तहसीलदार श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार भोई, सीएमओ दिनेश यादव द्वारा आकर अतिक्रमण स्थल के मटेरियल की जब्ती करने और शीघ्र ठोस विभागीय कार्रवाई करने सहित निर्माण में संलग्न मजदूरों के पुनः स्थल में पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देने पर धरना समाप्त किया गया।

पुराना टैक्सी स्टैंड के पास सुबह लगभग 9 बजे से शासकीय भूमि पर शासकीय सेवक द्वारा किए गए कब्जा को मुक्त करने धरना-प्रदर्शन किया गया। भारी बारिश के बावजूद भी धरना-प्रदर्शन जारी रहा और शाम को लगभग 5 बजे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ठोस आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त किया गया। धरना का समर्थन करने विधायक चातुरी नंद भी पहुंची हुई थी। सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने धरनारत आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शासकीय सेवक अपने आप को मुख्यमंत्री का दामाद बताकर धौंस दिखाते हुए शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा है, जो गलत है। इस पर अनुविभागीय



अधिकारी राजस्व व नगर पालिका प्रशासन को तत्काल संज्ञान में लेकर कड़ी कारवाई की जानी चाहिए। अगर कब्जा नहीं हटा तो अवैध कब्जा हटाने को लेकर विधानसभा में भी मुद्दा उठाने की बात उन्होंने कही। प्रदर्शन के दौरान सौरभ गोयल ने कहा कि पुराने पीडब्ल्यूडी कॉलोनी परिसर में एनएच पीडब्ल्यूडी का पुराना कार्यालय भवन और गोदाम है। जिसकी देखरेख का जिम्मा वर्ष 2008 से उपअभियंता भुजरंग साय पैंकरा को सौंपा गया था, तब से वे अपने परिवार सहित उक्त शासकीय भवन में अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में भी भुजरंग साय पैंकरा द्वारा पक्का अतिक्रमण किए जाने पर तहसीलदार न्यायालय ने उन्हें दोषी मानते हुए एक हजार रुपए अर्थदंड अधिरोपित कर बेदखली का आदेश जारी किया था। बावजूद इसके, भुजरंग साय ने हाल ही में शासकीय गोदाम को तोड़कर पुनः पक्का निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जो शासकीय अमानत में ख़यानत है। तहसीलदार सरायपाली के स्थगन आदेश के बावजूद उक्त स्थल पर छत ढलाई तक का काम पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का करीबी रिश्तेदार बताकर एक शासकीय सेवक द्वारा सिविल सेवा आचरण अधिनियम का घोर उल्लंघन किया जा रहा हैं। अवैध कब्जा हटाने को लेकर समर्थन देने वालों में पार्षद खीरचंद बारी, आशिक हुसैन, जफर उल्ला खान, मुकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, दुर्योधन चौहान, इरफान खान, सुनील महापात्र, गिरधारी बरिहा, डोलामणि यादव, रुद्र मंथन, पुरुषोत्तम महापात्र, राजकुमार, मोहन चौहान, चंद्रमणि बरिहा, उत्तम राम पांडे, गणेशराम बरिहा, अर्जुन कुंवर, महेंद्र पांडे, चंद्रिका विश्वकर्मा, मदन दीप, तेजराम चौहान, लंबोदर मालाकार, उकेश राणा, सदानंद साव, देवराज यादव, रमेश कुंवर, बाबूलाल पांडे, युवराज बरिहा, शत्रुघ्न साव, हरि कुंवर, हरिशंकर बरिहा, सत्य कुमार बरिहा, खीरसागर बरिहा, प्रकाश पांडे, टंकधर मालाकार, पार्वती तांडी, रत्ना बरिहा, लता कुंवर, अहिल्या बाघ, सोहोद्रा बेसरा, माला यादव, चंद्रिका प्रसाद विश्वकर्मा, गुरुवारी चौहान, धनमोती बरिहा, सरस्वती पांडे, बसंती कुंवर, अनीता पांडे, रवि बरिहा, भरत बरिहा, हरि बोल बरिहा, ठाकुर कुमार, जनार्दन, विपीन, कल्पना, सुकांति, अंगार, गंगार, भामा, राजकुमारी पांडे, वेदमोती, द्वितीया, सुकांति बेसरा, प्रेम, संतोषी, मार्टिन, गुरवारी, पाला, फुलमोती राणा, गुलापी बेसरा, नुरा बेसरा, अश्विनी, शत्रुघ्न साव, बासो पांडे, जुगराज, निराकार, गोहोकू, रवि, गणेशराम आदि उपस्थित थे।

## तैयारी : सभी ब्लॉक स्तर पर संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

# पार्टी की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी संगठन को मज़बूत करना, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले के प्रत्येक विधानसभा में ब्लॉक स्तर पर संगठन सृजन का बैठक आहूत करना है। इसी तारतम्य में महासमुंद ग्रामीण के प्रभारी पंकज शर्मा एवं महासमुंद शहर के प्रभारी सुबोध हरितवाल, जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, अमरजीत चावला का आगमन महासमुंद के कांग्रेस भवन में हुआ। जिसमें प्रभारीगणों ने अपने विचार व्यक्त किए।

सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि ने महासमुंद विधानसभा में आगामी चुनाव की तैयारी का विस्तृत ब्यौरा दिया। तत्पश्चात पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्ता प्राप्ति के लिए संगठन को जमीन स्तर पर उतरकर कार्य करने की आवश्यकता है। अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने कार्यकर्ताओं व नेताओं में जोश भरते हुए सभी कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर की उपाधि देते हुए यह बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता कभी कमजोर नहीं होते, बस उनका जज्बा व जोश को उपयोग कैसे किया जाए, यह जानने की आवश्यकता है। प्रभारी पंकज शर्मा ने संगठन सृजन बूथ, सेक्टर, मंडल की तैयारी



के बारे में बात की। शहर प्रभारी सुबोध हरितवाल ने संगठन को मजबूत कैसे किया जाए, इस बात पर जोर दिया। और बताया कि संगठनात्मक ढाँचे का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण युवा, महिला एवं सामाजिक वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन आगामी जनसंपर्क एवं जनआंदोलन की रूपरेखा तैयार करना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का यह मानना है कि संगठन सृजन के माध्यम से पार्टी की जड़ों को और मज़बूत कर प्रदेश की जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों एवं संकल्पों को पहुंचाया जा सकेगा।

पहली बात संगठनात्मक संरचना का विस्तार-संगठन के विभिन्न स्तरों पर नई जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जाएगा। ताकि, पार्टी का आधार और मजबूत हो सके। दूसरी बात युवा एवं महिला भागीदारी- युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें संगठन में नेतृत्व की भूमिकाएं प्रदान की जाएगी। तीसरा उद्देश्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन-कार्यकर्ताओं के लिए विशेष सत्र रखे जाएंगे, जिनमें कांग्रेस की विचारधारा, संविधान, संगठनात्मक रणनीतियां और जनसंपर्क के नए माध्यमों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। चौथी सीख जनसंपर्क एवं आंदोलन की रणनीति-जनता की समस्याओं को लेकर व्यापक स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। ताकि, कांग्रेस प्रदेश की जनता की आवाज़ को मज़बूती से उठा सके। पांचवीं बात सामाजिक सरोकारों पर फोकस-शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा होगी। इन विषयों को लेकर जनहितकारी योजनाएँ प्रस्तुत की जाएगी। कांग्रेस पार्टी का यह दृढ़विश्वास है कि संगठन की जड़ें मजबूत करने से ही जनता तक पार्टी की नीतियां और दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से पहुंच पाएंगे। संगठन सृजन कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और कांग्रेस की एकता, प्रतिबद्धता तथा जनसेवा की भावना और प्रबल होगी। कार्यक्रम में महासमुंद विधानसभा प्रभारी पंकज शर्मा, सुबोध हरितवाल, डॉ रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर, पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष वनोपज, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, प्रवीण चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, सोमेश दवे, अरुण लाल चंद्राकर, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, पार्षद विजय साव, लक्ष्मी देवांगन, शाहबाज रजवानी, जसबीर ढिल्लो, हरदेव ढिल्लो, मिंदर चावला, वीरेंद्र चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, निर्मल जैन, मेहुल सूचक, छन्नू साहू, अजय थवाईत, डॉ तरुण साहू, देवेश शर्मा, भारत ठाकुर, शकील खान, सचिन गायकवाड, प्रकाश अजमानी, राजेश नेताम, राजू साहू, हुलास गिरी गोस्वामी, सुनील चंद्राकर, इमरान कुरैशी, दशोदा ध्रुव, अन्नू चंद्राकर, ममता चंद्राकर, जय श्रीदास सोनकर, जावेद चौहान, गोपी पाटकर, रत्नेश साहू, मनोहर ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, राजा सोनी, रवि ध्रुव, मोती साहू, किशन देवांगन, लीलू साहू, डॉ. बलवंत साहू, हार्दिक सोना, मानिक साहू, संतोष धीवर, गोपीचंद तारक, नुकेश महंत, शुभम चंद्राकर, लोकेश चंदन साहू, तुलसी देवदास, भानू सोनी इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यक्ष खिलावन बघेल एवं आभार ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद ने किया।

# बलौदा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**सरायपाली (ग्रामीण)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.किशोर कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस प्रभारी रमेश पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कमला दीवान, सहायक प्राध्यापक अनिता पटेल, जितेंद्र पटेल, डॉ. गजानंद नायक, एंजेला लकड़ा, रश्मि निबर्गिया सहित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के पदाधिकारी तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर में



महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवं गांव के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस शिविर में कुल 53 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को यह विश्वास दिलाया गया कि उनका अमूल्य योगदान अनेक ज़िंदगियों को बचाने में सहायक होगा। यह रक्तदान शिविर न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रकट करता है, बल्कि विद्यार्थियों एवं नागरिकों में सेवा, सहयोग एवं मानवता के प्रति गहरी चेतना जगाने में भी सार्थक सिद्ध हुआ।

### शासकीय नवीन महाविद्यालय में नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के युवा प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं तथा प्राध्यापकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान तथा अतिथियों द्वारा माता सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में नशामुक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है, आज की युवा पीढ़ी इसके गिरफ्त में आ रही है। नई पीढ़ी को जागरूक कर नशा से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। युवा प्रकोष्ठ के नरेश साहू ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से व्यक्तित्व परिष्कार के साधन, साधना, स्वाध्याय, संयम एवं सेवा पर विस्तार से चर्चा की। भारत साहू ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा क्या है, इसके कारण एवं दुष्परिणाम तथा नशा छोड़ने के उपायों की जानकारी प्रस्तुत की। वरिष्ठ मार्गदर्शक ललित मेश्राम ने गायत्री परिवार के उद्देश्य और युग निर्माण योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति निर्माण से परिवार निर्माण और परिवार निर्माण से राष्ट्र निर्माण संभव है। आभार प्रदर्शन मनहरण ठाकुर (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) ने किया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को साहित्य एवं कलम भेंट किए गए। सभी उपस्थितजनों ने सत्संकल्प का सामूहिक पाठ भी किया। कार्यक्रम में ह्यूमा लिली दीवान (प्राचार्य), एमएस वर्मा (वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक), तरुण कुमार ध्रुव (सहायक प्राध्यापक), मनहरण ठाकुर (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी), लता भोई (रेडक्रॉस कार्यक्रम अधिकारी), गायत्री परिवार से ताम्रध्वज साहू, भुवन साहू, उमेद चौहान, रामचरण पटेल समेत महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।



### हड़ताल के बीच प्रांतीय पदाधिकारियों का हुआ आगमन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल 29वें दिन भी जारी रही। जिला इकाई महासमुंद के आंदोलनरत कर्मचारियों में जोश और उत्साह भरने प्रांतीय पदाधिकारियों का भी आगमन हुआ। जिसमें प्रांताध्यक्ष अमित कुमार मिरी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रविशंकर दीक्षित एवम बस्तर संभाग प्रमुख देवकांत चतुर्वेदी शामिल थे। प्रांताध्यक्ष ने शासन के अब तक के उदासीन रवैए के बारे में बताते हुए कहा कि शासन-प्रशासन कर्मचारियों के आंदोलन को खत्म करने के लिए सिर्फ लेटर पर लेटर निकाल रही है, इतनी फुर्ती अगर संघ के मांगों के संबंध में दिखाती तो छत्तीसगढ़ की जनता को अब तक स्वास्थ्य की असुविधा से दो-चार न होना पड़ता। जिला महासमुंद के सभी आंदोलनरत कर्मचारियों ने एक स्वर में मांगें पूरी न होने तक आंदोलन को जारी रखने के लिए हुंकार भरी। हड़ताल में जुगनू चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य व किसान नेता भी समर्थन देने पहुंचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे , डॉक्टर देवेंद्र साहू, मधुराज देवांगन, विनय नाग, प्रवीण नागदेवे, सुनील साहू, देवकुमार डडसेना, परमेश्वर सेन, नेहा चंद्राकर, मेघा रानी ताम्रकार, सीमा पाल, निखिल गोस्वामी, आजुराम वर्मा, विजय भान आदि उपस्थित थे।

# चलो धरा से नील गगन तक हिंदी का यश फैलाएं : आनंद

## हिंदी दिवस पर आस्था साहित्य द्वारा राष्ट्रभाषा स्वाभिमान काव्य गोष्ठी

**महासमुंद।** स्थानीय आस्था साहित्य समिति द्वारा 14 सितंबर हिंदी दिवस पर साहित्यकार एस चंद्रसेन के निवास स्थान जीवन सदन त्रिमूर्ति कालोनी में राष्ट्रभाषा स्वाभिमान काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ समाजसेवी दाऊलाल चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार एस चंद्रसेन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी द्वारा रचित हिंदी गीत जय जय पावन वसुंधरा की प्रस्तुति सुरेंद्र अग्निहोत्री द्वारा सुमधुर आवाज में प्रस्तुत की गई। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि चलो धरा से नील गगन तक हिंदी का यश फैलाएं शीर्ष हिमालय, चरण जलधि तक ध्वज अपना फहराएं। साहित्यकार अशोक शर्मा ने काव्य गोठी को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अदांज भी नहीं था, उसे कुछ उड़ान का, अब न वह जमीन का न आसमान का। डॉ. साधना कसार ने कहा कि हिंदी भाषा शान हमारी हिंदी भाषा पहचान है। काव्य गोष्ठी को नई ऊंचाई प्रदान करते हुए एस चंद्रसेन ने कहा कि हिंदी हूं मैं हिंद वतन की, जन जन के अभिमान की। सम सामयिक परिस्थितियों पर हिंदी की व्यथाल को बताते हुए सरिता तिवारी ने पंक्तियां समर्पित करते हुए कहा कि बनी द्रौपती खड़ी हिंदी, समस्या है गंभीर। पत्रकार एवं साहित्यकार उत्तरा विदानी ने कहा कि सुन हिंदी-आज तेरा सम्मान होगा। अपने अनूठे अंदाज में संचालन करते हुए पितृपक्ष में पेड़ों पर जल डाले जाने पर जोर देते हुए कहा कि हमारे पूर्वज तस्वीरों से अधिक पेड़ों पर रहते हैं, जड़ों में पसरी हुई उनकी सांसे। काव्य गोष्ठी के अवसर पर डॉ. रामशरण चंद्राकर एवं हास्य कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री ने कार्यक्रम में बेहद मनमोहक पंक्तियां समर्पित की। मुख्य अतिथि दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि आस्था साहित्य समिति विविध साहित्यिक गतिविधियों के लिए शहर में अलग पहचान स्थापित किया है। उन्होंने भी छात्र जीवन की कविता सुनाकर हिंदी दिवस को सार्थक किया। साहित्य प्रेमी एवं शिक्षा विद् केआर चंद्राकर ने कहा कि हिंदी भाषा को विश्वव्यापी बनाने के लिए हम सभी का सार्थक पहल करनी होगी। सरकार निश्चित रुप से प्रयासरत हैं। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक एवं आभार प्रदर्शन एस चंद्रसेन ने की। उक्त जानकारी साहित्यकार टेकराम सेन ने दी है।

# मुक्तिधाम में नवीन शेड निर्माण का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

नगरवासियों की अरसे से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए पालिका अध्यक्ष की पहल पर अध्यक्ष निधि से भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में शवदाह के लिए नवीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू और वार्ड 29 की पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा एवं समस्त पार्षदों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापतिगण एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

इस दौरान अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि मुक्तिधाम में नवीन शेड निर्माण की मांग लंबे समय से नगरवासियों द्वारा की जा रही थी। हमारी प्राथमिकता है कि नगर की हर मूलभूत आवश्यकता को समय पर पूरा किया जाए। अध्यक्ष निधि से कराए जा रहे इस शेड निर्माण से शोकाकुल परिजनों को वर्षा और धूप से राहत मिलेगी तथा अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक सम्मानजनक और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकेगी। जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल को जनहित में एक सराहनीय कदम बताया। नगरवासियों ने नगर पालिका परिषद के इस निर्णय का स्वागत करते हुए अध्यक्ष निखिलकांत साहू का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जय देवांगन, सभापति गुलशन साहू, सभापति जितेंद्र ध्रुव, सभापति ईश्वरी भोई, शुभ्रा मनीष शर्मा, मुस्ताक खान, राहुल आवड़े, धनेंद्र चंद्राकर, मुन्ना देवार उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की बैठक हुई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक कल्याण

- बैठक में संघ के आंदोलन को लेकर बनाई गई रूपरेखा

संघ की प्रांत स्तरीय बैठक प्रांत अध्यक्ष राज किशोर तिवारी एवं उपप्रांत अध्यक्ष दिनेश सिंह के नेतृत्व में रायपुर कलेक्ट्रेट गार्डन में हुई। इस बैठक में प्रांत के विभिन्न संभागों एवं जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का प्रमुख एजेंडा वर्ष 1998 से 2004 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा अवधि को नियुक्ति तिथि से गणना करते हुए पेंशन, जीएफ तथा अन्य सेवा लाभ दिलाए जाने पर केंद्रित रहा। संघ ने स्पष्ट किया कि इस विषय पर कई बार मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं विधायकों को अवगत कराया गया तथा आश्वासन भी प्राप्त हुआ, किन्तु शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ सेवानिवृत्त शिक्षकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है और यदि शासन की उदासीनता बनी रही तो



आने वाले समय में अनेक शिक्षकों की स्थिति भी ऐसी ही हो जाएगी। संघ ने यह मांग दोहराई कि 2004 से पूर्व पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू थी, इसलिए 1998 से नियुक्त शिक्षकों को भी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत लाभ मिलना चाहिए।

### आंदोलन की आगामी रूपरेखा

सितंबर–अक्टूबर 2025 : संभागीय स्तर पर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। नवम्बर–दिसम्बर 2025 : प्रदेशव्यापी कार रैली निकालकर शासन को ज्ञापन दिया जाएगा। सदस्यता अभियान को और तेज किया जाएगा तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को संघ से जोड़ा जाएगा।

बैठक में प्रांतीय महासचिव देशनाथ पांडे, प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर, प्रांतीय सह सचिव उजित मानिकपुरी, बस्तर संभाग अध्यक्ष अमलेश ठाकुर, सरगुजा संभाग अध्यक्ष हजरत अली, रायपुर संभाग अध्यक्ष खेदूराम चंद्राकर, सरगुजा संभाग महासचिव डेगमन राजवाड़े, जिलाध्यक्ष महासमुंद अनिल ढीढी, ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद राजकुमार आंवले, बागबाहरा प्रेमचंद डड़सेना सहित सभी जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ का स्पष्ट संकल्प है कि यदि शासन हमारी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लेता, तो आने वाले समय में शिक्षक समाज को आर-पार की लड़ाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### आशीबाई स्कूल में हिंदी भाषा दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** आशी बाई गोलछा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था प्रमुख जीआर साहू द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भाषण, कविता, निबंध लेखन, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में सहभागिता कर बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए साहू ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे जीवन में हिंदी भाषा की क्या भूमिका है। वरिष्ठ शिक्षिका चंचला गुप्ता ने अपने उद्बबोधन में हिंदी भाषा के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि हिंदी भाषा सभी को आपस में जोड़कर रखती है। शिक्षिका आबिदा खान ने बताया कि मानव जीवन के विकास में हिंदी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षिका तृप्ति साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति के उन्नति में हिंदी भाषा का विशेष स्थान है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका लता वैष्णव ने किया। उन्होंने बताया कि हिंदी भाषा राष्ट्र की आत्मा है, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक हम सबको एक सूत्र में बांधती है। कार्यक्रम के प्रतिभागी बच्चों में प्रथम स्थान घनिता ध्रुव, द्वितीय स्थान यामिनी दीवान, तृतीय स्थान रितेश यादव व रूद्र सैनिक रहे। सभी को पुरस्कार दिया गया व अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। आभार प्रदर्शन शिक्षक व्ही राव ने किया।

# नौ सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का प्रदर्शन तेज

## 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर निकालेंगे रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छग कृषि स्नातक कृषि अधिकारी सघ के प्रांतीय आव्हान पर नौ सूत्रीय लबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ कृषि विभाग के कृषि अधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। वे 08 व 09 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य किए। 15 सितंबर को मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार किया। छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के विकासखंड अध्यक्ष हरिशकर कैवर्त जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रांतीय बैठक में जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नौ सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति के लिए चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। अपनी मांगों की पूर्ति के लिए पूरे छग में हर जिला के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी चरणबद्ध सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे। 15 सितंबर को हर जिला में समस्त विकासखंड एवं जिला स्तर पर तहसीलदार एसडीएम कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एव कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। साथ ही उक्त तिथि बिना संशाधन भत्ता के आनलाइन कार्य नही किया जाएगा। 23 सितंबर को 1 दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे एवं रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### किसानों की बढ़ेंगी मुश्किलें

उनके इस आदोलन के चलते कृषि विभाग में संचालित विभन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा, अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग, प्रधानमंत्री स्वायल कार्ड योजना, एकीकृत कृषक पोर्टल में धान खरीदी सत्यापन के लिए केरीं फार्वड समेत खेती किसानी से संबधित आनलाईन कार्य प्रभावित होगा।




### ये हैं प्रमुख मांगें

कृषि अधिकारियों की मांगों में वेतनमान में संशोधन 4300 ग्रेड पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र का पुनः निर्धारण, मासिक यात्रा भत्ता में वृद्धि कर पच्चीस सौ रुपए करने, विभागीय कार्य संपादन के लिए मोबाइल इंटरनेट, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्टेशनीरी इत्यादि के लिए संशोधन भत्ता, विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिये जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्य प्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने, लंबित पदोन्नति को प्रारंभ करने, आदान सामग्री का भंडारण सेवा सहकारी समिति में करने एवं अनुदान राशि के भुगतान के लिए डीबीटी प्रणाली लागू करना है।

**आयोजन :** खिलाड़ियों के पंजीयन पर दिया जोर, पंचायतों में मुनादी के निर्देश

# सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद खेल महोत्सव 2025 के सफल आयोजन की तैयारियों एवं खिलाड़ियों के पंजीयन को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर विनय लंगेह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आकस्मिक समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक खिलाड़ियों को पंजीकृत कराने, बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा फिट इंडिया, फिट युवा फॉर विकसित भारत के उद्देश्य को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग तथा ग्राम पंचायत स्तर पर 19 से 24 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया जाए। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने सभी पंचायत सचिवों को गांव-गांव में मुनादी कर खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।




### खेल महोत्सव की रूपरेखा

महोत्सव में दो आयु वर्गों (14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष) के लिए कबड्डी, खो-खो एवं वॉलीबॉल जैसे सामूहिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। वहीं व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैडमिंटन एवं गेड़ी दौड़ शामिल होंगे। एकल खेलों में तीन आयु वर्ग (14-17, 18-20 एवं 21-24 वर्ष) के खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल महोत्सव का आयोजन पहले संकुल स्तर पर किया जाएगा। फिर विधानसभा और आखिर में लोकसभा स्तर पर किया जाएगा। महासमुंद जिले में 30 संकुल, जबकि धमतरी एवं गरियाबंद जिलों में 10-10 संकुलों में प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतिभागी **www.sansadkhelmahotsav.in** पोर्टल अथवा उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

# गुरुसिंघ सभा के स्वर्ण सिंह बने अध्यक्ष



**सरायपाली।** श्री गुरुसिंघ सभा के सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्ण सिंह सलूजा को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष बनाया गया। सामाजिक, राजनैतिक व अन्य गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा नेतृत्व स्वर्ण सिंह सलूजा के सामाजिक अध्यक्ष बनने से निश्चित रूप से समाज में सक्रियता व कुछ नयापन आने की संभावना बढ़ गई है। श्री गुरुसिंघ सभा में एक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नई समिति के चुनाव के सम्बंध में चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से स्वर्ण सिंह सलूजा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनयन के पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष स्वर्णसिंह सलूजा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ समाज ने उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। समिति के संचालन के लिए 1-2 दिनों के अंदर ही समिति के अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा कर दी जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से अमर बग्गा, राजेंद्र विपिन उबोवेजा, सोनू उबोवेजा, भूपेश सलूजा, मंजीत सिंह सलूजा, सरदार रणजीत सिंह, राजेश आहूजा, हरीश उबोवेजा, सूरज सलूजा, मनोज सलूजा, जोरावर सिंह, प्रकाश हमदेव, जसविंदर सिंह सलूजा, अमित आहूजा, दीपक उबोवेजा, मुकेश कुमार, तजिंदर सिंग, सुबी बग्गा, मनिंदर सलूजा, प्रीतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# खोपली-गाजर-रेवा-मुनग़ासेर-भिलाईदादर सड़क चौड़ीकरण करने सघन हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरुआत : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि आज ग्राम बिहाझर से खोपली–गा ज र – रे वा – मु न ग़ा से र – भिलाईदादर सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर सघन हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। अंकित ने बताया कि बागबाहरा विकासखंड की सबसे बड़ी और सघन सड़क जिससे होकर लगभग 100 ग्रामों के निवासी, छात्र-छात्राएं, युवा, किसान, सियान लगातार आवागमन करते हैं। साथ ही बस, ट्रैक्टर, कार और अनगिनत मोटर साइकिल रोजाना निकलती है। जनसंख्या के बढ़ते दबाव के चलते आमने सामने की गाड़ियों को आपस में निकलने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ता है, जिसकी बढ़ती मांग को देखते हुए आज से बिहाझर, भदरसी, कुशपाली, खाड़ादरहा, सालडबरी ग्राम से सड़क चौड़ीकरण सह निर्माण की मांग को लेकर वृहद हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई।

अंकित ने बताया कि हजारों की संख्या में एकत्रित होने का यकीन है।



एकत्र होने वाले हस्ताक्षर को मुख्यमंत्री, विधायक, जिलाधीश को शीघ्र सौंपा जाएगा। अंकित ने बताया बिहाझर, भदरसी, जोगीनगर, कुशपाली, बिराजपाली, बसूलाड़बरी, लिटियादादर, नवाडीही, मोहबा, गांजर, मुड़ागांव, तुपकबोरा, नरतोरी, मुनगासेर, नवाडीही, लक्ष्मीपुर, खड़ादरहा, सालड़बरी, चारभांठा, डोंगरगांव, मोंगरापाली, रेवा, डोंगरीपाली, सराईपाली केंवट, खुड़मुड़ी, खेमड़ा, सिमगांव, सेनभाठा, कोचर्रा, बोडरीदादर, बाघामुड़ा, बांसकांठा, नवागांव सोहागपुर, टेढ़ीनारा, मोखा, भिलाईदादर, खेरटखुर्द आदि ग्रामों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप से सरपंच काजल साहू, संतराम साहू, पन्नालाल साहू, दीपक साहू, कोमल साहू, टीकम यादव, पुरोहित चंद्राकर, रूपे चंद्राकर, राजा चंद्राकर, दुलार ध्रुव, पंचराम ध्रुव, कमल नारायण, रामगुलाल, जयंत, डोमन, लक्ष्मण, मनराख़न, बृजलाल, अवधराम, हेमलाल साहू, चेतन पटेल, बालचंद पटेल, सुरेश पटेल आदि ने हस्ताक्षर कर शुरुआत की।

-----------

# सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर बागबाहरा एसडीएम ने ली समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जनपद सभाकक्ष बागबाहरा में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश साहू ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभागीय गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली तथा विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। एसडीएम साहू ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को आगे बढ़ाने का एक सुनहरा अवसर है।

उन्होंने कहा कि इस महोत्सव से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आएंगे और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी विभागों और शिक्षा संस्थानों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। इसके अतिरिक्त, बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित अन्य विषयों पर भी समीक्षा की गई। इनमें जाति प्रमाण पत्रों के निर्गमन की स्थिति, छात्रवृत्ति वितरण की प्रगति, यूडीआईएसई प्रोग्रेशन, सायकल वितरण की गुणवत्ता एवं समय-सीमा, आरटीई सत्यापन, त्रैमासिक परीक्षा एवं आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान तथा विज्ञान सेमिनार आयोजन जैसे मुद्दे शामिल रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागीय कार्यों की स्थिति से बैठक को अवगत कराया तथा आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ गिरीश चंद्रा, एबीईओ रामता मन्नाडे, बीआरसी भूपेश्वरी साहू सहित विकासखंड के सभी महाविद्यालयों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में सभी प्रतिभागियों ने सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर पूरी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# जिले में आदि कर्मयोगी सेवा अभियान कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 17 सितंबर को आदि सेवा केन्द्रों का शुभारम्भ किया जाएगा। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 सितंबर को स्वास्थ्य परीक्षण, सिकल सेल, एनीमिया जांच एवं सलाह, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 19 सितंबर को वन एवं पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत विभाग द्वारा ग्राम के सभी शासकीय परिसर एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। खाद्य, सहकारिता एवं पंचायत विभाग द्वारा 20 सितंबर को राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस, पेंशन, मनरेगा, जॉब कार्ड पंजीयन एवं वितरण तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 21 सितंबर को महिला स्वसहायता समूहों के उत्पादों के उत्पादों की बिक्री एवं वित्तीय सलाह दी जाएगी। 22 सितंबर को ग्राम के विकास के लिए चौपाल एवं परिचर्चा आदि सेवा केन्द्रों पर की जाएगी तथा 23 सितंबर को कौशल विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा 24 सितंबर को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन एवं अन्य राजस्व मामलों के लिए आवेदन जैसे नामांतरण, बंटवारा आदि का निराकरण किया जाएगा। 25 सितंबर को कृषि विभाग द्वारा शिविर के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा तथा इसी दिन उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीणजनों को उपयोगी पौधों का वितरण किया जाएगा। 26 सितंबर को पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण एवं मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजना अनुसार शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 सितंबर को स्कूलों में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। 30 सितंबर को बालिका शिक्षा के लिए माता पिता को परामर्श, रोल मॉडल कहानियां एवं 01 अक्टूबर को पुस्तक वाचन एवं इसकी महत्ता पर चर्चा की जाएगी। साथ ही महिला एवं बाल विकास एवं शिक्षा विभाग द्वारा 28 सितंबर को गुड टच बेड टच जागरुकता, घरेलू हिंसा, बाल विवाह पर कानूनी सलाह, किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन एवं पोषण किट वितरण किया जाएगा। 29 सितंबर को लीड बैंक एवं जिला इ गवर्नेंस सोसायटी एवं सहकारी बैंक द्वारा आधार पंजीयन एवं अपडेट, जनधन खाता पंजीयन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा के लिए पंजीयन व मुद्रा लोन के संबंध में जानकारी दी जाएगी। अंतिम दिन 02 अक्टूबर को समस्त विभाग द्वारा आदि शपथ समारोह, स्वच्छता अभियान, जल स्त्रोतों की सफाई एवं जनभागीदारी से सोख्ता निर्माण का कार्य किया जाएगा।

# नारी जगत की जननी, नारी से ही संसार का अस्तित्व

## ग्राम पंचायत रायतुम में हुआ महिला जागरुकता का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




ग्राम पंचायत रायतुम में महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने महिला जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका डॉ एकता लंगेह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सोनिया ठाकुर ने की। वही विशेष अतिथि के रूप में मितानिन एवं जनपद सदस्य रूपकुमारी ध्रुव उपस्थित रही।

इस अवसर पर समाज सेविका डॉ एकता लंगेह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी जगत की जननी है, नारी से ही संसार की अस्तित्व है, नारी अपने आपको कमजोर न समझें और घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर, निसंकोच होकर सभी क्षेत्र में कार्य करें, महिलाएं शिक्षित होंगी तभी परिवार शिक्षित होगा, समाज शिक्षित होगा, तभी देश विकास की राह पर चलेगा। डा. लंगेह ने महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए गए सैनेटरी पैड को देखा और उनकी प्रशंसा की तथा उसकी मार्केटिंग में सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही किशोरी बालिकाओं को सैनेटरी पैड वितरण किया। जन सेवा का मिसाल के रूप में शिशुवती, गर्भवती, महिलाओं को मच्छरदानी भेंट किया गया। इसी कड़ी में गांव के बुजुर्ग व्यक्तियों को कंबल तथा चलने में असमर्थ बुजुर्गों को छड़ी भेंट किया। स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को डायरी पेन भेंट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सामाजिक एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत सचिव देवानंद पटेल द्वारा बर्तन बैंक के बारे में मुख्य अतिथि को अवगत कराया। डा. लंगेह ने इस कार्य की प्रशंसा की। विशेष अतिथि रूपकुमारी ध्रुव ने कहा कि हमें डा लंगेह से प्रेरणा लेना चाहिए, जिनके पास सबकुछ होते हुए भी समाज सेवा की बीड़ा उठाई है। पूरे जिले में गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक कर रही है तो हम महिलाओं को भी उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में एंजल गर्ल्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सचिव देवानंद पटेल, पंचगण, देहुती साहू तथा स्वसहायता समूह की समस्त महिलाओं का विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन पूर्व सरपंच रमण ठाकुर ने किया।

### आत्मानंद हिंदी विद्यालय में हुए अनेक आयोजन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय आदर्श उमावि में हिंदी दिवस पर अनेक कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य रहे। इस मौके पर हिंदी दिवस की महानता, हिंदी भाषा के प्रति चेतना को उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकार बताया। उन्होंने हिंदी के इतिहास को बताया और विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रति सजगता और वर्तमान हालत को देखते हुए हिंदी भाषा के लिए प्रेरणास्त्रोत की बातें कही। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदी दिवस के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता हेमंत डडसेना की कविता सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही। कार्यक्रम में एकल गायन, भाषण चित्रकला, मूर्तिकला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने बेहद कम समय में उम्दा प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि हेमेंद्र आचार्य ने हिंदी दिवस की संघर्ष की कहानी को बताया और सभी विद्यार्थियों को संघर्ष के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में व्याख्याता भोजेश्वरी ठाकुर, प्रियंका ध्रुव एवं व्याख्याता मुरलीधर पटेल का सहयोग रहा। मंच संचालन व्याख्याता मुरलीधर पटेल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एमडी वर्मा, मुरलीधर पटेल, हेमंत डडसेना, जेपी साहू, एलआर साहू, भोजेश्वरी ठाकुर, गरिमा भारद्वाज, त्रिवेणी साहू, अंजनि साहू, हिना कुरैशी, प्रियंका ध्रुव, श्वेता चंद्राकर, तृप्ति ध्रुव, डॉ दुर्गा डडसेना, सुलक्षणा तिवारी, नरेंद्र सिंह, बसंत साहू आदि मौजूद रहे।






## खबर संक्षेप



### राम टोली परिवार के कार्यक्रम में पहुंचे देवी

**महासमुंद।** राम टोली परिवार के कार्यक्रम में नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि श्रीराम टोली परिवार द्वारा विगत 2 वर्षों से प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6:30 तक भजन कीर्तन कर नगर में पदयात्रा कर भक्तिपूर्ण माहौल बनाया है। राठी ने इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर शरद मराठा, राजू यादव, राजेश सिंह ठाकुर, दीपा नागवानी, संतोषी शर्मा, कैलाश बेन पटेल, रुखमणि नारंग, शारदा साहू, भोला राम, उपमा ठाकुर, मीना गुप्ता, भारती साहू आदि मौजूद रहे।



### शहीद स्मारक में पीपल पेड़ गिरा

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम खरोरा में बीत रात्रि 8 बजे शहीद स्मारक के पास स्थित पीपल पेड़ धराशायी हो गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया पेड़ गिरने से शहीद स्मारक में लगे पोल का तार टूट गया है और अमर वीर शहीदों की फोटो पोल में ही लगी हुई थी, जिसे काफी नुकसान पहुंचा है।



### बांसुरी पुस्तक आज की जरूरतः कोकड़िया

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा के तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर ने छग राज्य के कक्षा तीसरी के सभी बच्चों को बांसुरी पुस्तक वितरित किया है। इस पुस्तक की समीक्षा करते हुए चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि यह पुस्तक आज की जरूरत है। इसके टॉपिक और ध्यानाकर्षण बहुत बढ़िया है। कलाकारों का कला मूल्यों का मूल्यांकन और सम्मान युवा पीढ़ी के लिए अनिवार्य आवश्यकता है।

### राजू (पंचू) साहू का निधन

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी निवासी



राजू (पंचू) साहू का 14 सितंबर रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार लाभांडी रायपुर में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन शामिल रहे। वे लछवंतिन बाई साहू के पति, हरीश साहू के पिता एवं नरोत्तम साहू, अर्जुन साहू, हीरा लाल के भाई एवं मिथिलेश और नारायण साहू के बड़े पापा थे।

**आयोजन :** प्रतियोगिता में छग समेत ओडिशा की टीमों ने लिया हिस्सा

# दरबेकेरा में कबड्डी स्पर्धा, विधायक ने खेलों के महत्व पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

कोमाखान क्षेत्र के ग्राम दरबेकेरा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देवी-देवताओं एवं हनुमान की पूजा-अर्चना से हुई। पूजा-पाठ के पश्चात उपस्थित टीमों के साथ अतिथियों के परिचय के उपरांत उद्घाटन मैच खेला गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों की टीमों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा की टीमों ने भी हिस्सा लिया। बाहरी टीमों की सहभागिता से प्रतियोगिता का रोमांच और भी बढ़ गया तथा दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



वहीं उद्बोधन के क्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित जन समुदायको संबोधित करते हुए विधायक द्वारकाधीश यादव ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से न केवल शारीरिक मजबूती मिलती है, बल्कि मानसिक संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे परंपरागत खेल हमारी संस्कृति की धरोहर हैं, जिन्हें संजोना और आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मोबाइल और टीवी जैसे साधनों से दूरी बनाकर अधिक से अधिक समय मैदान में बिताएं, ताकि शारीरिक क्षमता के साथ-साथ आपसी भाईचारे और टीम भावना भी मजबूत हो सके। विधायक ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे इस प्रकार के आयोजन नई प्रतिभाओं को सामने लाने का सुनहरा अवसर देते हैं और भविष्य में यही खिलाड़ी प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित जनसमुदाय, खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने विधायक के संबोधन का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस अवसर पर डोंगर सिंह ठाकुर, वाजिद खान, भागीरथी चंद्राकर, सोमनाथ ठाकुर, दीनदयाल साहू, दुर्जन ठाकुर, रमेश यादव, प्रदीप यादव, हरिशंकर यादव, अर्जुन ठाकुर, रामलाल ठाकुर, रेखराम घृतलहरे, सेतराम साहू, योगेश कुमार यादव, विजयलक्ष्मी यादव सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और बड़ी संख्या में बाहर से आए कबड्डी प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।



### 50 ग्रामीणों ने ली आप की सदस्यता

**महासमुंद।** संगठन विस्तार के तहत आम आदमी पार्टी महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक एवं ग्राम छपोराडीह ब्लाक प्रभारी भगवान सिंह ध्रुव ने महासमुंद विधानसभा के ग्राम बिरबिरा, बांसकाठा, अचानकपुर, बंदोरा, झाखरमुडा, रायमुड़ा, खिरसाली एवं अन्य गांवों का दौरा कर लगभग 50 ग्रामीणों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। 70 साल से अभी भी गांव का रोड और विकास जस का तस है। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी पूर्व में कांग्रेस पार्टी ने लगातार 70 सालों से शासन किया है। अब जनता परिवर्तन चाह रही है, लोकतंत्र का असली मतलब होता है परिवर्तन? दिल्ली में लोगों को पता है कैसे विकास स्वास्थ्य और शिक्षा का पूरे भारत में आम आदमी पार्टी ने किया रहा।



### दाबपाली स्कूल में साबुन बैंक की स्थापना

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत साबुन बैंक का उद्घाटन स्टॉफ द्वारा किया गया। जिसमें स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका एवं बालक-बालिका द्वारा स्वेच्छा से एक नग साबुन बैंक में दान किया गया।



### पचरी में पानी टैंकर और 10 नग स्ट्रीट लाइट की सौगात

**झलप।** सरकार के महत्वकांक्षी योजना को विस्तार गांवों में किया जा रहा है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम पंचायत पचरी को विधायक निधि से एक नग पानी टैंकर और 10 नग स्ट्रीट लाइट प्रदान किया है। इस दौरान सरपंच सरिता चूड़ामणि डडसेना, गैंद राम जोशी, देवकुमार टंडन, जनक डडसेना, सोहन यादव, सरजू निषाद, प्रीति महेश भगत, हितेश्वरी होमेश्वर साहू, कुमारी लखन टंडन, राजेश लहरे, प्रमिला विनोद जोशी, परमानंद साहू, ईश्वर साहू, हेमंत डडसेना, केदार, फागू, चिंता, पीतांबर, टिकेश्वर, उमाशंकर अन्य लोग रहे।

## बरोंडा चौक से पीजी कॉलेज मचेवा तक 20 रुपए ही किराया लेंगे ऑटो चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में आटो चालक, मालक एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आटो चालकों के साथ शहर में व्यवस्थित यातायात तथा नागरिकों की सुविधाओं के ध्यान में रखते हुए ऑटो चालन पर चर्चा हुई। इस दौरान अध्यक्ष साहू ने महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की परेशानियों को ऑटो चालकों के समक्ष रखते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की पहल की। जिसमें छात्रों से एक निर्धारित शुल्क लेने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरोंडा चौक से मचेवा पीजी कालेज तक छात्राओं से 20 रुपए ऑटो किराया लिया जाएगा। जिस पर अध्यक्ष साहू ने ऑटो चालकों के इस निर्णय को बेहद प्रशंसनीय बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान ऑटो स्टैंड की व्यवस्था, किराया निर्धारण एवं नगर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा भी हुई। सभी सदस्यों ने मिलकर सार्थक सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में बड़ी संख्या में ऑटो चालक-मालक एसो. के सदस्य, पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## नपा कर्मचारियों ने किया विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका परिषद में नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए 142 लाख रुपए राज्य सरकार द्वारा जारी करने पर विधायक राजू सिन्हा को नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी के साथ नपा कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक राजू सिंहा को गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया।



इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी आपकी समस्याओं को लेकर जानकारी देते है। 3 माह से भुगतान नहीं होने पर छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को अवगत कराया गया, जिन्होंने तत्काल राशि जारी की। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश तिवारी, लेखापाल यशवंत देवांगन, दिलीप चंद्राकर, करण यादव, नरेश ध्रुव, जितेंद्र महंती, नीतेश पटेल, शुभम सोना आदि मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल खल्लारी में हुई सेवा पखवाड़ा कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल खल्लारी में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रमुख रुप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा मंडल प्रभारी मोती साहू, भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, थानसिंह दीवान जिला कोषाध्यक्ष महासमुंद, भुवनलाल साहू जिला किसान मोर्चा महामंत्री उपस्थित रहे। सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 का प्रस्तावना लोकश पनुरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष खल्लारी ने रखा।



इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू ने सम्बोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन के आह्ववान एवं ज़िला के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाडा अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान रक्त दान शिविर, स्वास्थ शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम, प्रबुद्ध संवाद, नमो मैराथन, सेवा सप्ताह, संगोष्ठी, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता एवं जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी की जनसेवा, समाज कल्याण, राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जोड़ने का अभियान है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के लिए भाजपा मंडल खल्लारी से खोमन साहू को संयोजक, पूरन सबर, प्रकाश चंद्राकर को सहसंयोजक बनाया गया है।

कार्यशाला में धरम दीवान पूर्व मंडल अध्यक्ष खल्लारी, ताराचंद देवांगन मंडल महामंत्री खल्लारी, भूषण नामदेव अध्यक्ष शाला विकास प्रबंध समिति कमरौद, नंद निषाद अध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी, कृपाराम पटेल, घनश्याम साहू, हीरा साहू युवा मोर्चा महामंत्री, पूरन सबर अन. जनजाति अध्यक्ष, खिलेश साहू मीडिया प्रभारी मंडल खल्लारी, दीपक पटेल, पुष्पेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत खल्लारी, भेखलाल बघेल सरपंच ग्राम पंचायत भीमखोज, कीर्तन साहू रैताल, कीर्तन साहू किसान मोर्चा महामंत्री सहित अधिक संख्या में भाजपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## छग न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

**महासमुंद।** जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में लघुवेतन कर्मचारी संघ द्वारा महासमुंद के नवनियुक्त निर्वाचित पदाधिकारियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी रही। विशिष्ट अतिथि न्यायालय अधीक्षक प्रवीण कुमार पांडेय, न्यायालय उपअधीक्षक अखिलेश गुप्ता, कुटुंब न्यायालय के लेखापाल गौरी शंकर बरिहा, तृतीय श्रेणी अध्यक्ष राजीव लोचन जोल्हे एवं तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ के सचिव नितंश पठारे उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में संघ पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान लघुवेतन कर्मचारी संघ का चुनाव हुआ जिसमें जिले के न्यायालयीन लघुवेतन कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सर्वसम्मति से ईश्वर जगत को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। इस प्रकार सचिव पद के लिए अजय खरे चुने गए। संघ के उपाध्यक्ष नेहरू जगत, जगमोहन यादव, कोषाध्यक्ष भुवन लाल ध्रुव, सहसचिव खिलावन सिन्हा सहित समस्त न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे। मंच संचालन अरविंद देवदास ने किया।

## सतनामी मुक्ति केंद्र सुअरमाल परिक्षेत्र का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र महासमुंद सुअरमाल परिक्षेत्र का चुनाव प्रभारी जिला अध्यक्ष सत्यानंद जेंड्रे की अगुवाई में किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से जिला सचिव श्यामलाल मन्नाडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य गुलाब साय, उपाध्यक्ष बलराम कोसरिया, प्रदेश कार्यकारणी किशोर सोनवानी उपस्थिति थे। जिसमें अध्यक्ष नवल गायकवाड़, उपाध्यक्ष लिलकुमार ढीढी, एवन कुर्रे, सचिव हेमलाल डहरिया, सहसचिव कामता पुरैना, मीडिया



प्रभारी शिवचरण कुर्रे, संरक्षक कुमार ढीढी, महामंत्री बुधारु महिलांग, कोषाध्यक्ष शिवदास टंडन को सर्वसम्मति से बनाया गया। इस दौरान सुवरमाल परिक्षेत्र के जीवराखन टंडन, बिसाहू मार्कंडेय, देवसिंग रात्रे, नारायण ढीढी, गणेशू टंडन, हेमनाथ महिलांग, हेमलाल निराला, थनेश्वर नारंग, ओमप्रकाश मधुकर, आशाराम बघेल, नोहरदास टंडन आदि उपस्थित रहे।




# प्रगतिशील सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ की कुमारी जिलाध्यक्ष व अनुराधा बनीं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जिला स्तरीय बैठक में कांग्रेस रत्नाकर को वरिष्ठ टीम की जिला उपाध्यक्ष व हरक मन्नाडे जिला कार्यकारिणी सदस्य

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष विजय बंजारे की अध्यक्षता व जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी व अठगंवा कार्यकारिणी की उपस्थिति में विभिन्न विषयों को लेकर सतनाम भवन बीएन ढीढी नगर में रखी गई। जिसमें जिला सचिव द्वारा विषय वार चर्चा कराई गई। उपस्थित



पदाधिकारियों की सहमति से विभिन्न निर्णय पारित किया गया।

जिला कार्यकारिणी के रिक्त पद कांग्रेस रत्नाकर सुखापाली को जिला उपाध्यक्ष व हरक मन्नाडे को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसी प्रकार महिलाओं को संगठित करने के लिए जिला उपाध्यक्ष कुमारी भास्कर सरायपाली को महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व अनुराधा घृतलहरे साजापाली को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। एक महीने के अंदर अपनी जिला कार्यकारिणी की विस्तार करने समय सीमा दी गई।

बैठक में प्रमुख रूप से हीरालाल कोयल जिला उपाध्यक्ष, सियाराम खटकर, चंदन रात्रे जिला कार्यकारिणी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्षों में श्याम लाल बारिक सरायपाली, ईश्वर भारतद्वाज भंवरपुर, तरुवर कोसरिया पिथौरा, चिंता साय बागबाहरा, चित्र कुमार भारती महासमुंद, महिला प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष निशा कुर्रे, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश रात्रे, ब्लॉक अध्यक्ष फनेंद्र बंजारे महासमुंद, सहदेव घृतलहरे पिथौरा, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक, सचिव महेंद्र सूर्यवंशी, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष महेश जोशी व बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी महिलाएं व सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।




